**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**प्रधानमंत्री अमृत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बीकानेर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली है, और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सिद्धांत तय किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और इसका तरीका देश की सेना तय करेगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के हक का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी।

**प्रधानमंत्री अमृत स्टेशन**

इससे पहले, बीकानेर के पलाना में सार्वजनिक समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में वर्चुअल माध्यम से एक सौ 3 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन भी किया। इनमें कांगड़ा जिला में बैजनाथ–पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इस दौरान बैजनाथ–पपरोला स्टेशन पर कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज और राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी विशेष रूप से मौजूद रहे।

**राज्यपाल**

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मंडी जिला के करसोग से अमृत भारत रेलवे स्टेशन के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में अमृत स्टेशन के तहत पुनर्विकसित बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समार्पित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे की बुनियादी अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल में वर्तमान में 17 हजार सात सौ 14 करोड़ रूपए की परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सहायता के बारे में केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने कैंसर केयर सेंटर के लिए केंद्र से सहयोग और प्रदेश में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए अस्पतालों में नवीनतम चिकित्सा तकनीक व आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी राज्यों की कठिन भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं के मानदंडों में ढील देने का भी आग्रह किया और लंबित धनराशि जारी करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने राज्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बीच मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी भेंट की और किशाऊ बांध के वित्तपोषण संबंधी मुद्दे पर चर्चा की।

---

---